समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026

# बर्थडे पर नए घर मे शिफ्ट हुए राहुल गांधी, जानिए कहां है उनका आशियाना।

Publisher Published on 19 Jun 2025



## राहुल गांधी अपने 55वे जन्मदिन पर 5, सुनहरी बाग रोड स्थित टाइप-8 सरकारी बंगले मे शिफ्ट हुए, यह बंगला उन्हे नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद आवंटित किया गया था।

**Rahul Gandhi New House: कांग्रेस नेता** और **लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी** ने अपने **55वे जन्मदिन** के मौके पर एक नए **सरकारी बंगले** में औपचारिक रूप से प्रवेश किया। अब वह **5, सुनहरी बाग रोड, नई दिल्ली** स्थित टाइप-**8 श्रेणी के सरकारी आवास** में रहेंगे। यह आवास उन्हें पिछले वर्ष **लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष नियुक्त** किए जाने के बाद आवंटित किया गया था।

**कैसा है राहुल गांधी का नया सरकारी बंगला ?**
**टाइप-8 श्रेणी** के बंगलों को आमतौर पर **केद्रीय मंत्रियों, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों** और **लोकसभा मे विपक्ष** के नेताओं को आवंटित किया जाता है। यह बंगला **नई दिल्ली के वीआईपी इलाके** में स्थित है और **उच्च सुरक्षा व्यवस्था** से युक्त है। बंगले में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ पार्टी बैठकों और रणनीतिक चर्चाओं के लिए पर्याप्त स्थान है।

**जन्मदिन पर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे राहुल**
**राहुल गांधी** ने बुधवार सुबह नए आवास में प्रवेश किया और इसके बाद वह **कांग्रेस मुख्यालय** पहुंचे। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें **जन्मदिन की शुभकामनाएं** दीं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा:
“कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी, हमारे सभी नेताओं और कांग्रेस परिवार के हर एक बब्बर शेर और शेरनी का शुभकामनाओं और समर्थन

के लिए धन्यवाद. आपका प्यार और हौसला हर दिन मुझे प्रेरणा देता है। हम एक साथ खड़े हैं – सच के लिए, न्याय के लिए, भारत के लिए।”

**पीएम मोदी ने भी दी बधाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने X पर लिखा:
“लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन मिले, यही प्रार्थना है।”

**राहुल गांधी : राजनीति मे दो दशक पूरे**

**राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970** को हुआ था। वे **पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी** और **सोनिया गांधी** के पुत्र और **नेहरू-गांधी परिवार के उत्तराधिकारी** हैं। उन्होंने **2004 मे अंमेठी से लोकसभा चुनाव** जीतकर राजनीति में प्रवेश किया और तब से लगातार कांग्रेस की रणनीति और संगठन को मजबूती देने में लगे हुए हैं।

राहुल गांधी ने हाल ही में 2024 के आम चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन को मज़बूती दी और अब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.